कृषि विज्ञान केंद्र, चिन्यालीसौड़ में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

आज दिनांक 08 मार्च 2022 को विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद) के उत्तरकाशी जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में **अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस** का आयोजन किया गया |

कार्यक्रम की शुरुआत केन्द्र के प्रधान वैज्ञानक एवं अध्यक्ष डॉ चित्रांगद सिंह राघव द्वारा **अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस** को मनाये जाने के कारण एवं इसकी महत्ता को बताने के साथ की गयी जिसमें उन्होनें ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका पर एक प्रेरक व्याख्यान दिया | उनके द्वारा महिला सशक्तिकरण पर भी बात की गयी | अपने संबोधन में उन्होनें कहा कि घर परिवार से निकलने वाली महिलाएं जब चाहरदीवारी से बाहर निकलकर अन्य क्षेत्रों में बढ़ती है तो वे विकास और सफलता की गाथा लिखती है | खेल जगत से लेकर, वैज्ञानिक क्षेत्र, मनोरंजन, पर्वतारोहण जैसे लगभग हर क्षेत्र में आज महिलाएं परचम लहरा रही हैं| कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ब्लाक मिशन प्रबंधक, चिन्यालीसौड श्रीमती सोनिया गुसाईं द्वारा वर्तमान समय में महिलाओं के उत्थान हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया | इस दौरान केन्द्र द्वारा निकटवर्ती ग्राम भड्कोट में चलाई जा रही निकरा परियोजना के तहत प्रगतिशील कृषकों को पशु स्वास्थ्य से सम्बन्धित बहुमूल्य जानकारियों से भी अवगत कराया गया | उन्हें पशुओं की देखरेख, आवास एवं आहार तथा पशु स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बारीकी से समझाया गया तथा वैज्ञानिक विधि युक्त पशु आहार प्रबंधन पर जानकारी दी गयी । निकरा परियोजना के तहत ही किसानों कों कैल्सियम, पशु दाना, मिनरल मिक्चर तथा भूसा किट भी वितरित किये गये |

इस दौरान कार्यक्रम में केंद्र के श्री नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे , वरुण सुप्याल, ख्याली राम, रीतिका भास्कर समेत क्षेत्र के तकरीबन 50 से अधिक प्रगतिशील महिलाएं मौजूद रही |